परिशिष्ट - 01 [1/12/2025]

(1)

प्रश्न सं. [ क्र. 143 ]

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल

सी.एम.मॉनिट "A" प्रकरण क्र.-2502 दिनांक 28/07/2025 "कृषि उपज

**विषय :**
मण्डी प्रांगण के स्थान परिवर्तन किये जाने के संबंध में"।

पटल का नाम

मण्डी बोर्ड

कृपया विषयांतर्गत सी.एम.मॉनिट "A" प्रकरण क्र.-2502 दिनांक 28/07/2025 के अवलोकन का अनुरोध है, जिसमें "कृषि उपज मण्डी प्रांगण के स्थान परिवर्तन किये जाने के संबंध में", प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसके बिन्दु क्रमांक-02 में "कृषि उपज मण्डी समिति कुंभराज" के स्थान परिवर्तन की मांग दर्ज है। (परिशिष्ट-1)।

वर्तमान मे कृषि उपज मण्डी समिति कुंभराज 7.304 हेक्टेयर के प्रांगण में संचालित है, मण्डी की स्थापना वर्ष 1962 में की गई थी। तत्समय मण्डी प्रांगण का क्षेत्रफल 10 बीघा 8 बिस्वाह में स्थापित था, जिसे वर्ष 2006 में 5.130 हेक्टेयर में अतिरिक्त प्रांगण के रूप में अधिसूचित किया जा चुका है।(परिशिष्ट-2)

मण्डी की वर्ष 2024-2025 की कुल आवक 1.33 लाख टन एवं आय 6.58 करोड रूपये(शासकीय उपार्जन सहित) है। वर्तमन परिस्थिति में मण्डी प्रांगण में पर्याप्त जगह उपलब्ध होने से अतिरिक्त प्रांगण की आवश्यकता परिलक्षित नही होने से कुंभराज मण्डी समिति का स्थान परिवर्तन किया जाना संभव नही है।

अतः कृपया वस्तुस्थिति से मान. मुख्यमंत्री महोदय म.प्र.शासन के कार्यालय को अवगत कराते हुये सी.एम.मॉनिट "A" प्रकरण क्र.-2502 दिनांक 28/07/2025 में वस्तुस्थिति अंकित करते हुये प्रकरण को विलोपित कराये जाने का कष्ट करना चाहेंगे।

प्रबंध संचालक सह आयुक्त

E-file No- 755999 दिनांक 19/08/2025 ना.क्र. 3025

**सचिव,**
**म.प्र.शासन,**
**किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग**
**मंत्रालय भोपाल**

परिशिष्ट - (1) 1005950014 0305

सुषमा राजपूत
सहायक वर्ग–1

मण्डी बोर्ड

पटल का नाम

(2)

विषय : सी.एम.मॉनिट "A" प्रकरण क्र.-2502 दिनांक 28/07/2025 "कृषि उपज मण्डी प्रांगण के स्थान परिवर्तन किये जाने के संबंध में"।

---

कृपया विषयांतर्गत सी.एम.मॉनिट "A" प्रकरण क्र.-2502 दिनांक 28/07/2025 के अवलोकन का अनुरोध है, जिसमें "कृषि उपज मण्डी प्रांगण के स्थान परिवर्तन किये जाने के संबंध में", प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसके बिन्दु क्रमांक-01 में "कृषि उपज मण्डी समिति बीनागंज" के स्थान परिवर्तन की मांग दर्ज है (परिशिष्ट-1)।

कृषि उपज मण्डी समिति बीनागंज में तहसील चाँचौड़ा अंतर्गत कुल 169 ग्राम सम्मिलित है। मण्डी समिति बीनागंज मुख्यतः सोयाबीन, मक्का, धनिया, गेहूँ, सरसों मसूर एवं चना की मण्डी है। गतवर्ष 2024-2025 में कृषि उपज की आवक 808622(आठ लाख आठ हजार छैः सौ बाईस क्विंटल) एवं आय 3,93,98,614/-(तीन करोड़ तैरानवे लाख अन्ठानवे हज़ार छैःसौ चौदह रूपये) रही है। वर्तमान प्रांगण छोटा होने से कृषकों एवं व्यापारियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।

उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये मण्डी समिति बीनागंज के स्थान परिवर्तन एवं पुर्नविकास किया जा सकता है।

कृपया उपरोक्त वस्तुस्थिति को ध्यान में रखते उपयुक्त शासकीय भूमि चिन्हित हेतु जिला कलेक्टर गुना को अर्द्धशासकीय पत्र लिखा गया है।(परिशिष्ट-2)

मान. मुख्यमंत्री महोदय म.प्र.शासन के कार्यालय को अवगत कराते हुये सी.एम.मॉनिट "A" प्रकरण क्र.-2502 दिनांक 28/07/2025 में वस्तुस्थिति अंकित करते हुये प्रकरण विलोपित कराये जाने का कष्ट करना चाहेंगे।

प्रबंध संचालक सह आयुक्त

सचिव,
म.प्र.शासन,
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय भोपाल

जा.क्र. - 3027 दिनांक 19/08/2025

कुमार पुरुषोत्तम
आई.ए.एस.
आयुक्त सह-प्रबंध संचालक

(3)

म.प्र. राज्य कृषि विपणन
(मंडी) बोर्ड

अर्द्ध शा. प्र.क्र. :/5/110/302
दिनांक 19/8/2025

विषय:- सी.एम.मॉनिट "A" प्रकरण क्र.-2502 दिनांक 28/07/2025 "कृषि उपज मण्डी प्रांगण के स्थान परिवर्तन बावत उपयुक्त शासकीय भूमि उपलब्ध कराने हेतु।

Dear Kishore,

कृपया विषयांतर्गत सी.एम.मॉनिट "A"प्रकरण क्र.-2502 दिनांक 28/07/2025 अनुसार "कृषि उपज मण्डी समिति बीनागंज" के स्थान परिवर्तनकी मांग की गई है, सुलभ संदर्भ हेतु छायाप्रति संलग्न है।

उपरोक्तानुसार कृषि उपज मण्डी समिति बीनागंज में तहसील चाँचौड़ा अंतर्गत कुल 169 ग्राम सम्मिलित है एवं मण्डी समिति बीनागंज में मुख्यत: सोयाबीन,मक्का, धनिया, गेहूँ, सरसों मसूर एवं चना की काफी आवक होती है जिससे वर्तमान प्रांगण काफी छोटा होने से कृषकों एवं व्यापारियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। तत्संबंध में सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति बीनागंज द्वारा अवगत कराया गया है कि राजस्व विभाग द्वारा ग्राम सागर में सर्वे क्रमांक 138/1/4/8 क्षेत्रफल 33.740 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है।

अत: उपरोक्त चिन्हित भूमि को मण्डी समिति बीनागंज के प्रांगण विस्तार हेतु आवंटन करने का कष्ट करे ताकि बीनागंज मण्डी समिति के स्थान परिवर्तन एवं पुर्नविकास के साथ कृषकों एवं व्यापरियों को मूलभूत सुविधाओं के साथ आवागमन तथा जाम की समस्या से निजात मिल सके।

With best wishes

(कुमार पुरूषोत्तम)

श्री किशोर कुमार कन्याल
कलेक्टर
जिला- गुना

परिशिष्ट-01 प्र050-01/03/5

अनुभाग अधिकारी (2)
मध्य प्रदेश शासन,
कृषि विभाग, मंत्रालय, भोपाल.

सुषमा राजपूत
सहायक वर्ग-1

26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
दूरभाष : 0755-2553429, 4270498
E-mail : mdmandiboard@gmail.com, Website : mpmandiboard.gov.in